## संक्षिप्त

### दो पिकअप के साथ दो भैस चोरो के किया गिरफ्तार

**मालपुरा।** पचेवर थाना पुलिस ने शुक्रवार को भैस चोर गिरोह का खुलासा करते हुये दो जनो को गिरफ्तार कर दो पिकअप की जप्त। थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि कुरथल गांव निवासी भगवान पुत्र संग्राम सिंह ने पचेवर थाने मे उपस्थित हो उसके बाडे मे बंधी दो भैस व एक पाडी चुरा ले जाने का मामला दर्ज करवाया गया था। विशेष टीम का गठन कर पूर्व मे पशु चोर गिरोह की जानकारी जुटा चोर गिरोह के सम्पर्क मे रहै लोगो को चिन्हित कर जुटाई जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डिग्गी थाना क्षैत्र के भवानीपुरा निवासी राकेश नायक भोपा व मंगल नायक भोपा को गिरफ्तार कर भैस चोरी की वारदात मे उपयोग ली गई दो पिकअप जप्त की गई।

### फूले जयंती के पोस्टर का किया विमोचन

**श्रीमाधोपुर ।** फूले जयंती को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय श्रीमाधोपुर व जगह-जगह महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के पोस्टर विमोचन किया गया। ऑल इंडिया सैनी समाज के कोर कमेटी के सदस्य राजू बागवान, शिवपाल कटारिया , ओम प्रकाश सैनी,राजू प्रदेश अध्यक्ष सैनी समाज, बजरंग दल के अध्यक्ष अमित ठठेरा, हरि नारायण पूनिया, नाथू सैनी, कैलाश, बनवारी, नाथू ,कैलाश सैनी अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा विमोचन किया गया और अपील की गई की 11 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### बाबा टीडीनाथ आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आज

**श्रीमाधोपुर ।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा बाबा टीडीनाथ आश्रम पंचावाली श्रीमाधोपुर में 5 अप्रैल शनिवार को 4 बजे से आश्रम के महंत बाबा बालक गिरी महाराज के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। आश्रम के बाबा सतगिरी महाराज ने बताया की आश्रम के महंत बाबा बालकगिरी महाराज का उत्तराखंड में 29 मार्च 25 शनिवार को कैलाशगमन हो गया था।

### रक्तदान शिविर कल

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में एवं राजस्थान जैन सभा के आ ान पर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक ज्ञानचंद सोगानी एवं विमल जौंला ने बताया कि 6 अप्रैल सुबह 9 बजे से 2 बजे तक बंपुई वालों की धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि जैन समाज कार्याध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा एवं समाजसेवी लालचंद कठमाणा होंगे।

### सहस्त्र चंडी महायज्ञ के पोस्टर का किया विमोचन

**निवाई।** मां कंकाली धाम नोहटा में शंकरगिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ व श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ के पोस्टर का विमोचन सवा लाख रुद्राक्ष वाले बाबा महंत गीतानंदगिरी द्वारा शंकरगिरी महाराज व चेतनगिरी महाराज के साथ मां कंकाली धाम नोहटा में किया गया। इस अवसर पर गोविंदसिंह, गिर्राज जाट, सदाराम जाट, हरिराम जाट, नाथूलाल सैन, रामलाल मास्टर, जयनारायण जाट, सुरेश सोनी, मुकेश वैष्णव, निर्मल वैष्णव, हनुमान सिंह गौड, हिम्मत सिंह सहित कई ग्रामीण माजूद थे।

### कन्याओ को करवाया भोजन

**पीपलू।** उपखंड क्षेत्र के सन्देङा के मां बिजासन माता मन्दिर मे शुक्रवार को नवरात्र के चलते नौ कन्याओं के चरण कमलों को धोकर उनका तिलक करके, चुनरी, माला पहनाकर आरती करने सहित कन्याओं को भोजन प्रसाद कराया गया। नवदुर्गा के रूप में कन्या पूजन कर पांव पखार कर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर यजमान सीताराम, राधेश्याम, मुकेश, देवीशंकर,कृष्ण कुमार जांगिङ सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रक्षित का अन्तर्राज्यीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

**निवाई।** निवाई के खिलाडी रक्षित परिहार का राजस्थान चैलेंजर ट्रॉफी अंडर 14 में चयन हुआ है। निवाई तहसील से अब तक के इतिहास में मात्र 12 साल का एक मात्र खिलाड़ी रक्षित परिहार पुत्र रोशन खंगार का अन्तर्राज्यीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

# कन्हैयालाल चौधरी ने भवन निर्माण के लिये प्रस्तावित भूमि का लिया जायजा

**मालपुरा।** केबिनेट मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर सौम्या झां सहित जिला व उपखण्ड स्तरीय अधिकारियो के साथ बजट घोषणा मे स्वीकृत मालपुरा जिला अस्पताल के नवीन भवन निर्माण एवं शहर मे नवीन बस स्टेण्ड निर्माण सहित झील संरक्षण योजना के तहत बम्ब तालाब के सौन्दर्यकरण सहित एक दर्जन से अधिक प्रस्तावित विकास कार्यो एवं भवन निर्माण के लिये प्रस्तावित भूमि का जायजा लिया।

हाल ही मे बजट घोषणा मे केबिनेट मंत्री के अथक प्रयासो से मालपुरा मे जिला अस्पताल की घोषणा की गई थी। साथ ही शहर के तीन सो बीघा मे फैले पवित्र सरोवर बम्ब तालाब मे पचास करोड की लागत से सौन्दर्यकरण तथा शहर की बढती आबादी एवं भविष्य को



कैबिनेट मंत्री कन्हैया चौधरी ने जिला कलेक्टर सौम्या झा के साथ नवीन बस स्टैंड निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का लिया जाएजा।

मध्य नजर रखते हुये वर्तमान बस स्टेण्ड को ठेला मंडी मे तब्दील कर नवीन व अत्याधुनिक बस स्टेण्ड निर्माण के लिये सरकारी डाक बंगले के पिछवाडे रिक्त पडी भूमि सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर, विधुत विभाग के रिक्त पडे परिसर मे से किसी एक स्थान पर अत्याधुनिक बस अड्डा निर्माण की योजना को लेकर मंत्री ने जिला कलेक्टर के साथ रिक्त पडी सरकारी भूमि का जायजा लिया। मंत्री व कलेक्टर ने वर्तमान बस स्टेण्ड पर कई सालो से

- **वर्षो से खण्डर मे तब्दील बुकिंग घर को ध्वस्त करने के लिये एसडीएम को दिये निर्देश**

बंद पडे बुकिंग घर जो कि पूर्ण रूप से खण्डर मे तब्दील हो चुका है। जो कभी भी किसी बडे हादसे का कारण बन सकता है। उक्त भवन का जायजा ले तत्काल नकारा भवन को धराशाही करने के लिये एसडीएम व कार्यवाहक ईओ को निर्देशित किया।

बस स्टेण्ड के बीचो-बीच बने जल मंदिर व नगरपालिका के दो दर्जन कियोस्को को धराशाही कर परिसर को चौडा करने के भी निदेश दिये। तत्पश्चात मंत्री व कलेक्टर ने व्यास सर्किल से गांधी पार्क तक चालीस करोड की सीसी सडक व विधुत लाईनो को अंडर ग्राउंड करने की योजना, महाराणा प्रताप मार्ग का सौन्दर्यकरण,तालाब के बीचो-बीच छत्रेश्वर महादेव मंदिर का विकास, आबकारी विभाग कार्यालय व गोदाम एवं पशु चिकित्सालय निर्माण के लिये घाटी रोड पर चिन्हित भूमि, जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे किनारे हाल ही मे अतिक्रमण से मुक्त करवा गई करोडो रूपयो की पौने तीन बीघा सरकारी भूमि, शास्त्री नगर आवासीय योजना मे ई निलामी के जरिये बैचे जा रहै 23 भूखण्ड सहित जिला अस्पताल के सामने प्रस्तावित व्यवसायिक भूखण्डो के लिये चिन्हित भूमि का मंत्री व कलेक्टर ने जायजा ले उक्त सभी विकास योजनाओं को जल्द शुरू करवाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिये।

## कंकाली माता मंदिर में किया विशेष फूलों से श्रृंगार

**निवाई।** प्राचीन कंकाली माता मंदिर में अंबिका ग्रुप द्वारा छप्पन भोग की झांकी, विशेष फूलों से श्रृंगार, धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां कंकाली माता मंदिर के अध्यक्ष शंकर सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबिका ग्रुप द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल द्वारा धार्मिक अनुष्ठान, छप्पन भोग की झांकी, विशेष फूलों से श्रृंगार, भजन संकीर्तन का आयोजित किया गया। वही नौ कन्या को माता जी के स्वरूप में श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि कल महा अष्टमी पर्व पर 2100 दीपों के साथ मां कंकाली की महा आरती की जाएगी। वहीं रात्रि हवन यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महा अष्टमी को लेकर तैयारियां जोरों शोरों की जा रही है। महा अष्टमी पर्व पर जिले सहित प्रदेश भर के श्रद्धालु मंदिर में माता जी के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

# शिक्षा मंत्री का चौमूं आगमन पर किया स्वागत

**चौमूं / कालाडेरा ।** राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के चौमूं पधारने पर बाइपास स्थित राघव स्कूल के सामने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की सदस्य और पूर्व सांसद डॉ सुधा यादव का भी स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और डॉ सुधा यादव ग्राम हाड़ौता में माधव विधापीठ शिक्षण संस्थान के शुभारंभ के लिए पहुँचे थे। मंत्री ने अभिवादन स्वीकार करते हुए कार्यकत्ताओ का आभार व्यक्त किया।

इस मोके पर नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, उपाध्यक्ष कालूराम जाट, दिनेश गोरा, पार्षद संदीप शर्मा, सुनील अग्रवाल, मातादीन अग्रवाल,



शिक्षा मंत्री का चौमूं आगमन पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा स्वागत किया।

राहुल बगड़ा, मुकेश सिद्ध, राहुल शर्मा, पंचायत समिति सदस्य महेश यादव, सुनील उप्पल, बन्नालाल शर्मा जाटावाली, ऋतुराज यादव, आलोक जांगिड, महेश सेरावत, अरविंद यादव, चेतन सैनी, मदन गोरा, मदन सैनी, मोहन जलूथरिया, माहिर गौरी, हनुमान बागडा, राजेन्द्र गुलिया, अर्पित सैनी, मनोहर सिंह, बल्ली गरेड़, बलदेव टांक, मांगीलाल शर्मा, जमनालाल सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मांग पत्र पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा

**श्रीमाधोपुर।** सैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की ओर सैन समाज की 15 अहम मांगो पर मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा की। क्षेत्र के युवा नेता और भाजयुमो जयपुर शहर जिला प्रभारी चन्द्र भान नाई ने बताया कि राजस्थान सैन समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की ओर मुख्यमंत्री से अतिशीघ्र केशकला बोर्ड का गठन करने, बोर्ड में 7 सदस्य बनाने, भाजपा संगठन में सैन समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने, ओबीसी आयोग में एक सदस्य सैन समाज से बनाने सहित आगामी निकाय ओर ग्रामीण चुनावों में सैन समाज को भाजपा से उचित टिकट दिलवाने सहित कई कई मुद्दों पर चर्चा की, ओर मुख्यमंत्री ने सभी मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया, इस अवसर पर केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल, मांगीलाल नाई, सहित संपूर्ण राजस्थान से 50 के करीब समाज के। गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मन्दिर भूमि से निकाले गये रास्ते को हटवाने की मांग

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास के पॉवर हाऊस के सामने नदी से सटाकर गांव पवाना अहीर में कुछ ग्रामीणों द्वारा सांठगांठ कर गलत तरीके से कराये गये भू-रुपांतरण को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व मन्दिर भूमि से निकाले गये रास्ते को हटवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखण्ड कार्यालय पहुँचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने व पुलिस जाप्ता मिलते ही मन्दिर भूमि से रास्ता हटवाने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि पवाना (अहीर) के खसरा नंबर 226/2, 225/1, 227 व 238, 225, 226, 238/2, 227/2, 226/1, 227/1, 225/2, 238/1, कुल रकबा 03 हैक्टेयर भूमि में कुछ ग्रामीणों ने सांठगांठ कर गलत कन्वर्जन कराया है। उक्त जमीन में पहुंच का रास्ता ही नहीं है जिसका कन्वर्जन गलत तरीके से कराया गया है। उक्त कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनार्थ रूपांतरण के जांच पत्र में हल्का पटवारी व तहसीलदार



ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।

कोटपूतली ने जांच प्रपत्र के बिन्दु 12 में गैर मुमकिन रास्ता चारागाह भूमि से रिकार्डेड बताया है, यह गलत है तथा जाँच परिपत्र के बिन्दु 15 में शुक्लावास के चारागाह के ख.न. 894 व पवाना अहीर के ख. नं. 221 किस्म चारागाह भूमि से रास्ता बताया जाना भी गलत पाया गया है।

जाँच में स्पष्ट लिखा है कि उक्त भूमि में पहुंच का रास्ता ही नहीं है। जबकि भूमि रुपांतरण के लिये पहुंच का रास्ता अनिवार्य है। इस नियम का उल्लघंन हुआ है। चारागाह से रास्ता कि मिथ्या रिपोर्ट बनाई जाकर पद का दुरूपयोग किया गया है। फर्जीवाड़ा यही नहीं रुका है ग्राम पंचायत कि पाक्षिक बैठक, ग्राम सभा का अनुमोदन व प्रस्ताव भी नहीं है। इससे स्पष्ट है कि हर तरफ से फर्जीवाड़ा कर भू रुपांतरण कराया गया है। उक्त भू-रुपांतरण को खारिज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने व मन्दिर भूमि से रास्ता निकाला गया है उसे शीघ्र हटवाने की कार्यवाही की जावें। यदि सुनवाई नहीं होती है तो अगले सप्ताह उपखण्ड कार्यालय के बाहर बैठकर भूख हड़ताल करेंगे। इस दौरान ग्यारसीलाल आर्य, जगदीश आर्य, नन्दाराम यादव, दाताराम यादव, युवा नेता रमेश यादव, रोहताश यादव, सतवीर यादव, ख्यालीराम यादव, सुरेश यादव, रामनिवास यादव, दलीप पहलवान, यादराम, कृष्ण रावत, विक्रम यादव, कैलाश यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## ए.डी.एम. कार्यालय के लिए 41 साल से बार एसोसिएशन का संघर्ष

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर उपखंड मुख्यालय पर अपर-जिला कलेक्टर के दफ्तर को खुलवाए जाने के लिए विगत 41 साल से बार एसोसिएशन, सांभर हर एक सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखता आ रहा है, लेकिन इसके बावजूद आज तक यह मांग उपेक्षित है। यद्यिप सांभर उपखंड मुख्यालय पर अपर जिला कलेक्टर के कार्यालय को खुलवाने के लिए वर्ष 1984 में क्षेत्र के पक्षकारों को राहत एवं न्यायिक कार्य में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से विकल्प के तौर पर कोर्ट कैंप के आदेश प्रसारित किए थे, लेकिन बाद में इस व्यवस्था को भी समाप्त कर दिया गया और विगत 4 दशकों से राजस्व मुकदमों की सुनवाई एवं उसकी अपील के लिए क्षेत्र के पक्षकारों को अपने वकीलों के माध्यम से जिला कार्यालय जयपुर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सांभर ए.डी.एम. कार्यालय नहीं होने की वजह से मुकदमों में अनावश्यक विलंब हो रहा है तथा लोगों को सही समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। काबिले गौर है कि विगत 2 वर्ष पूर्व ही सांभर उपखंड के न्यायिक क्षेत्राधिकार को यहां से हटा कर एडीएम दूदू के अधीन किये जाने

- **भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के लिए कार्यालय खुलवाना चुनौती बन गया**

का अभिभाषक संघ की ओर से भारी विरोध किया गया था, लेकिन अभी तक वर्तमान सरकार ने भी सांभर उपखंड मुख्यालय पर एडीएम के दफ्तर को खुलवाने के लिए कोई संकेत नहीं दिए हैं। यह बताना जरूरी है कि बार एसोसिएशन को अब तक आम जनता की ओर से मिले समर्थन के बावजूद भाजपा और कांग्रेस के सक्षम राजनेता चार दशकों से एडीएम का दफ्तर खुलवाने में कमजोर ही साबित हो रहे है जिसका सबसे बड़ा नुकसान पक्षकारों के साथ-साथ वकीलों को भी उठाना पड़ रहा है। बता दें कि करीब डेढ़ साल पहले बार एसोसिएशन सांभर के पूर्व अध्यक्ष शेख शमीम उल हक, पूर्व सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह खंगारोत, कालूसिंह खंगारोत, दीपेंद्र सिंह खंगारोत, सुरेश कुमार शर्मा, भागचंद सांभरिया, वीरेंद्र सिंह शेखावत, युगराज माथुर, राहुल वीर गुर्जर, दिव्यराजवीर गुर्जर सहित अनेक वकीलों के शिष्टमंडल ने तत्कालीन राजस्व मंत्री से मुलाकात भी की थी।

# विधायक मनीष यादव ने पेयजल अव्यवस्था पर अधिकारियों को सुनाई खरी खोटी

**शाहपुरा।** जिला परिषद सभागार में शुक्रवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख रमा चोपड़ा की अध्यक्षता, ज़िला कलेक्टर जितेंद्र सोनी और सीईओ प्रतिभा वर्मा की मौजूदगी में आयोजित की गई। गर्मी को देखते हुए मीटिंग में पेयजल की व्यवस्था को लेकर शाहपुरा कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने अपनी बात प्रमुखता से रखी।

विधायक ने क्षेत्र में हो रही पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर बेहद नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। विधायक ने कहा कि अधिकारी बिल्कुल भी काम नहीं कर रहे है, एक तरफ आमजन पानी की किल्लत से जूझ रहा है, दूसरी तरफ अधिकारी बिल्कुल भी गौर नहीं कर रहे हैं। विधायक ने मीटिंग में कहा कि ट्यूबवेल स्वीकृत होने के बाद भी अधिकारी उनको तय समय से पूरा नहीं कर रहे है, विधायक यादव ने जोर देते हुए कहा है की लापरवाही अधिकारी जवाब दे, जिस पर जिला कलेक्टर डॉ सोनी ने शाहपुरा



जिला परिषद सभागार में साधारण सभा की बैठक आयोजित की ।

परिषद के लिए सितंबर में स्वीकृत ट्यूबवेल में देरी करने पर जलदाय विभाग के एसई को फटकार लगाई और नाराजगी जताई। विधायक यादव ने क्षेत्र में अधूरे पड़े सड़क के कार्य, जयपुर व दिल्ली तिराहा पुलिया के कार्य, मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप पर भी जोर दिया।

विधायक यादव ने चिकित्सा व्यवस्था में सुधार करने, क्षेत्र में क़ानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नियमित ग़स्त और मुखबिर तंत्र मज़बूत करने पर भी जोर दिया। विधायक ने साधारण सभा की मीटिंग में विशेष जोर देते अधिकारी और कर्मचारी को हिदायत देते हुए आमजन के साथ सम्मान पूर्वक बात करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं का समय पर उन्हें लाभ प्रदान करे, साथ ही उन्हें बेवजह परेशान व चक्कर ना लगाएं। इस

- **जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को फटकार लगाई और देरी पर नाराजगी जताई**
- **जिला परिषद में साधारण सभा की बैठक आयोजित**

बैठक में कई विधायकों ने भी अपने विचार रखे।

साधारण सभा की बैठक में आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीणा, चोमू विधायक शिखा मिल बराला,चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, ज़िला कलेक्टर जितेंद्र सोनी, सीईओ प्रतिभा वर्मा, शाहपुरा कांग्रेस प्रधान मंजू शर्मा, जयपुर ग्रामीण से कई प्रधान, जनप्रतिनिधि सहित अनेक विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## उपखंड अधिकारी को सौंपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**बौंली- बामनवास।** मां श्यामा देवी विकास समिति मीणा समाज बौंली द्वारा शुक्रवार को एक सामाजिक आमसभा करने के बाद नारे बाजी करते हुए उपखंड कार्यालय बौंली पर पहुंचकर अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन में अंकित किया गया है की बौंली नगर के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर रोड पर सती मां श्यामा देवी मंदिर व मीणा समाज का मोक्ष धाम है, यहां पर समाज द्वारा अनेकों पारिवारिक आयोजन किए जाते रहे हैं, बौंली नगर में सभी समाजों के अलग-अलग मोक्ष धाम बने हुए हैं इसी प्रकार यहां पर हमारा है, खसरा नंबर 1920 में अंबेडकर भवन हेतु भेजे गए प्रस्ताव में कांट छांटकर खसरा नंबर बदले गए हैं, ग्राम पंचायत द्वारा अंबेडकर भवन के लिए खसरा नंबर 1920 दशहरा मैदान के सामने लिया गया था, आगामी 14 अप्रैल को मां श्यामा देवी मंदिर परिसर में मीणा समाज द्वारा धार्मिक आयोजन होना प्रस्तावित है कुछ भूमाफियाओं द्वारा इस दौरान कोई समस्या उत्पन्न की जा सकती हैं।

## सार-समाचार

### पंचकल्याणक के तीसरे दिन शनिवार को तप व ज्ञान कल्याणक मनाया

**देवला।** मां की कोख से जन्म के बाद तक मिले संस्कारों से आत्मा भी परमात्मा बन सकती है।भगवान रूप ही तीन लोक में सभी जीवों का कल्याण के लिए होता है।यह उद्गार मुनि सुप्रभ सागर ने शहर के कूंचलवाड़ा रोड जैन कॉलोनी में चल रहे लघु पंचकल्याण एवं नवीन वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के गर्भ एवं जन्मकल्याणक महोत्सव की धर्मसभा में कहे। उन्होंने कहा जन्म के साथ संतान को संस्कारित करना महत्वपूर्ण है। संस्कार देने में माताओं का बड़ा हाथ होता है। आज की माताएं संतान चाहती है अगर एक संतान पैदा करना है तो तीर्थंकर भगवान की तरह बने ताकि वह जगत का कल्याण करें। अगर संतान को पढा लिखाकर भी संस्कारित नही किया तो वह बेकार है। धन के कारण संताने संसार व संस्कार को भूल रहा है। जबकि संस्कार के माध्यम से ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। ऐसे में मिथ्यात्व नही पुरुषार्थ करना चाहिए।गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ने जन्मकल्याणक भगवान का मनाया जाता है जबकि जयंती महापुरुषों की मनाई जाती है। लेकिन आज जन्मदिन पर दीपक बुझाने की गलत परंपरा चल रही है। आवश्यकता है जन्मदिन पर भगवान की साधना,भक्ति से मनाए और गुरुओं का आशिर्वाद लेना चाहिए। वही दोपहर में तीर्थंकर बालक पारस कुमार का श्रृंगार किया गया। शाम को आरती,शास्त्रसभा,रात्रि को आनंदोत्सव,बालक को पालना व बाल क्रीड़ा रहेगी।

### लोगों ने प्रदर्शन किया

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ पर क्षतिग्रस्त सडक से आमजन को भारी परेशानी हो रही है। समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में डाबला रोड़ पर लोगों ने प्रदर्शन करते हुये गहरे गड्ढों को स्वयं के खर्च से भरने का कार्य किया। कोटपूतली-नीमकाथाना रोड़ पर राजस्थान ब्रिज कॉरपोरेशन कम्पनी द्वारा काम नहीं किये जाने से जगह-जगह पर गहरे गड्ढे बने हुये है, जो रोज किसी ना किसी अनहोनी को न्यौता देते है। साथ ही 24 घंटे धूल उठने से आसपास के लोगों व व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके लिए काफी समय से बार बार आंदोलन किया जाता है। जिस पर झूठे आश्वासन देकर आमजन के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिससे परेशान होकर आसपास की जनता ने समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वयं ही जिम्मा उठाकर के फौजी कैंटीन डाबला रोड़ के सामने बने गड्ढे भरने का कार्य किया। समाजसेवी रतनलाल शर्मा के कार्य को देखते हुये क्षेत्र की जनता ने हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बृजभूषण शर्मा, सुरेश सैनी, दौलत सिंह, सुन्दर सिंह, दिलीप सैनी, रोशन सैनी, शुभम शर्मा, मुन्ना सिंह, रामचंद्र सैनी, दाताराम मिस्त्री, महेश भारद्वाज, मामचंद व देशलाल कसाना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### दुष्कर्म व छेड़खानी के चार आरोपियों की जमानत खारिज

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश मीनाक्षी जैन ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म के चार आरोपियों का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में 15 मार्च को पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कर बताया था कि मेरे रिश्तेदार रोहित व अन्य के साथ मिलने वाला मूर्ति लाल मीणा निवासी अल्लापुर थाना उनियारा जिला टोंक मेरे घर पर आए मैं सभी को भोजन करवा कर बाहर बाडे में सुला दिया इसी दौरान रात्रि को करीब 9 बजे मेरी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री की चिल्लाने की आवाज आई तो मेरा छोटा भाई व उसकी पत्नी मौके पर गए तो देखा मूर्ति लाल अरध नग्न अवस्था में भागता नजर आया एवं पुत्री भी अरध नग्न अवस्था में रोती मिली, मैंने पूछा तो उसने बताया कि मूर्तिलाल ने मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी मूर्तिलाल को 21 मार्च को गिरफ्तार न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है ।

### मैजिशियन एसोसिएशन का पुनर्गठन

**निवाई।** मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान के तत्वावधान में सीकर के जादूगर एस लाल सीनियर के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से महिपाल गुप्ता मुख्य संरक्षक व जादूगर मायावी जूनियर (राजेन्द्र) को संरक्षक बनाया गया। इसके साथ ही जादूगर हैरती अजमेर को अध्यक्ष, जादूगर सुब्रतो मुखर्जी जयपुर उपाध्यक्ष, जादूगर अशोक शर्मा कोटा मुख्य सचिव, जादूगर सुनील दत्त जोशी ब्यावर सचिव व जादूगर देवीशंकर शर्मा देवली को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया। जादूगर कमलकुमार टोंक ने बताया कि बैठक में जादूगरों के उत्थान, जादू को कला का दर्जा दिलाने, जादू भवन बनाने, थिएटर शो में आने वाली परेशानियों के समाधान सहित जनहित की सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार में सरकार को सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। सभी प्रांतीय समन्वयकों द्वारा जादू प्रदर्शन कर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन करने के लिए भी सहमति बनी। राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए जूनियर एस लाल को आयोजन समिति अध्यक्ष, जादूगर हरीश यादव को भवन निर्माण समिति अध्यक्ष व जादूगर जय कुमार को क्षेत्रीय समन्वयक बनाया गया।

### बच्चों को स्कूल बैग किये वितरित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत मधु यादव निवासी शुक्लावास ने अपने पिता स्व. महावीर गुरूजी पर्यावरण प्रहरी की स्मृति में हर साल की तरह इस बार भी विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 5 तक के बालक-बालिकाओं को महावीर गुरूजी फाउण्डेशन ए सोशियल इनिशिएटिव टूवार्ड्स क्यूज के तहत स्कूल बैग वितरित किये। गौरतलब है कि स्व. महावीर गुरूजी शिक्षण के साथ-साथ पर्यावरण प्रहरी के रूप में दूर-दूर तक हजारों पेड़ पौधे लगाकर पानी देने व पशु पक्षियों के लिये परिंडे बांधने के कार्य में समर्पित रहते थे। प्राचार्य महेश चन्द यादव ने कहा कि स्व. महावीर प्रसाद यादव शिक्षा के साथ साथ पर्यावरण के प्रति बेहद संवेदनशील रहते थे। उन्होंने ऐसे महान शिक्षक से प्रेरणा लेकर अच्छा कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया।

### 110 मरीजों की पुनः जांच व ड्रेसिंग की

**श्रीमाधोपुर।** क्षारसूत्र अर्श भगंदर चिकित्सा शिविर का फोलोअप राजकीय ब्लाक आयुष चिकित्सालय श्रीमाधोपुर में किया गया जिसमें 110 मरीजो की पुनः जाच व ड्रेसिंग की गई। सभी मरीजों को अच्छा लाभ हुआ है। शिविर प्रभारी डा सत्यनारायण राव व डा सीपी व्यास ने बताया कि फोलोअप टीम में डा. यादराम गूर्जर अलवर, डा. ओमप्रकाश चेचू, डा. नीरू पारीक, डा. मुकेश शर्मा, डा. मनोज मीणा ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। डा. विनय खंडेलवाल, डा. परशुराम भातरा, भगवान सहाय महर्षि, श्यामसुंदर दीक्षित , मुकेश पुरूषोत्तम, रामावतार परसोया ,मोहन लाल ने व्यवस्थाओ को संभाला। ब्लॉक प्रभारी डॉक्टर संदीप भारद्वाज व सार्वजनिक औषधालय समिति के बाबूलाल चौधरी, छाजूलाल खेडीवाल ने मरीजों की आवभगत की व कुशलक्षेम पूछी तथा उनके साथ आए परिजनों का स्वागत किया। सभी मरीजों ने आयोजकों का धन्यवाद किया। अगला फोलोअप शिविर 19 अप्रैल को आयोजित होगा जिसमें पुनः यहीं टीम सेवाएं प्रदान करेगी।ब्लोक प्रभारी डा संदीप भारद्वाज ने सभी मरीजों और परिजनो का स्वागत किया।

### पल्लेदारों, व्यापारियों व किसानों की हुई वार्ता, हडताल जारी

**निवाई।** कृषि उपज मण्डी कार्यालय में पल्लेदार यूनियन की हड़ताल को लेकर कृषि उपज मण्डी में मण्डी सचिव कमलकिशोर सोनी की अध्यक्षता में व्यापारियों, पल्लेदारों व किसानों की बैठक आयोजित हुई। पल्लेदारों की हडताल के चलते शुक्रवार को दूसरे दिन भी किसान मंडी में माल लेकर पहुंचे जिन्हें खुद को ही माल उतारना पडा जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पडा। मण्डी सचिव कमलकिशोर सोनी ने सभी व्यापारियों, पल्लेदारों एवं किसानों की बात सुनी। जिस पर पल्लेदारों की अधिकतर मांगों पर सहमति बनी। उसके बाद भारतीय किसान संघ के संभाग अध्यक्ष पोखर जाट एवं जिलाध्यक्ष रमेशचंद जाट ने मुद्दा उठाया कि किसान रात को ट्रॉली खाली कर देता है और उसकी फसल सुबह बिकती है तो किसान के उतरवाई की मजदूरी रात को भी लगती है।